**दिनांक–09.07.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित विद्युत उपभाग की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति :– पंजी के अनुसार**

अभियंता प्रमुख (विद्युत) के द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्युत उपभागों के पदों की विवरणी तथा पदस्थापित अभियंताओं की जानकारी दी गई ।

समीक्षा बैठक की कार्रवाई निम्नवत् है :–

(1) सचिव द्वारा पृच्छा की गई कि अक्सर यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि विद्युत कार्य से संबंधित प्राक्कलन ससमय प्राप्त नहीं होने के कारण प्राक्कलन गठन में विलंब हो रही है ।

अभियंता प्रमुख (विद्युत) के द्वारा बताया गया कि समेकित योजना (असैनिक / विद्युत) में प्रशासनिक स्वीकृति, वास्तुविदीय नक्शा एवं सामान्य सार की प्रति समय पर उपलब्ध नहीं होने तथा असैनिक उपभाग से समुचित समन्वय के अभाव में विद्युत प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति में विलंब होता है ।

निदेश दिया गया कि प्रत्येक प्रमंडल में पदस्थापित सहायक अभियंता (विद्युत) प्रत्येक सप्ताह कार्यपालक अभियंता (असैनिक) से समन्वय स्थापित करें, ताकि लंबित प्राक्कलन का गठन ससमय सुनिश्चित किया जा सके ।

**अनुपालन :–सभी कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता (विद्युत)**

(2) अभियंता प्रमुख (विद्युत) के द्वारा बताया गया कि असैनिक कार्यपालक अभियंता द्वारा समेकित योजना (असैनिक / विद्युत) की एकरारनामा की प्रति संबंधित सहायक विद्युत अभियंता / कनीय विद्युत अभियंता को समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता, जिससे कार्यों की प्रगति की निगरानी एवं गुणवत्तापूर्ण निरीक्षण प्रभावित होता है ।

निदेश दिया गया कि कार्यपालक अभियंता (असैनिक) एकरारनामा की प्रति निश्चित रूप से संबंधित विद्युत कार्यपालक अभियंता को देना सुनिश्चित करें ।

**अनुपालन :–सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक) एवं कार्यपालक अभियंता (विद्युत)**

(3) विभिन्न कार्यालय भवनों में अधिष्ठापित लिफ्ट के मेंटेनेंस के संबंध में पृच्छा की गई । निदेश दिया गया कि निविदा के माध्यम से OEM के साथ एकरारनामा कर लिफ्ट का रख–रखाव सुनिश्चित किया जाय । नए अधिष्ठापित किये जाने वाले लिफ्ट का मेंटेनेंस प्राक्कलन में शामिल किया जाय ।

**अनुपालन :–सभी मुख्य अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता (विद्युत)**

(4) कार्यालय एवं आवासीय भवनों में अधिष्ठापित किये जाने वाले विद्युत उपकरणों के मेकलिस्ट के निर्धारण के संबंध में पृच्छा की गई ।

मुख्य अभियंता (विद्युत) द्वारा जानकारी दी गई कि CPWD द्वारा प्रत्येक कार्य हेतु मेकलिस्ट निर्धारित किया जाता है ।

निदेश दिया गया कि विभिन्न कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु मेकलिस्ट निर्धारित करने पर विचार किया जाय तथा नियमानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय ।

**अनुपालन :–सभी मुख्य अभियंता (विद्युत)**

389

(5) मुख्य अभियंता (विद्युत) से पृच्छा की गई कि विद्युत उपकरणों विशेषकर तार के गुणवत्ता जांच की क्या व्यवस्था अपनाई जा रही है ?

मुख्य अभियंता (विद्युत) द्वारा जानकारी दी गई कि विभाग के स्तर पर विद्युत उपकरणों तथा तार आदि की गुणवत्ता की जांच की व्यवस्था नहीं है ।

निदेश दिया गया कि विद्युत सामग्रियों के गुणवत्ता जांच हेतु आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन केन्द्रीय प्रयोगशाला में कराया जाय । इस कार्य हेतु आई.आई.टी. पटना एवं अन्य जगहों पर कार्यरत प्रयोगशाला का निरीक्षण अभियंताओं द्वारा करने के उपरांत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय । यह भी निदेश दिया गया कि 20 लाख से अधिक राशि वाले प्राक्कलनों में प्रयुक्त होने वाले विद्युत सामग्रियों की जांच संबंधित कंपनी से कराने के उपरांत जांच प्रतिवेदन प्राप्त कर ही कार्य कराया जाय ।

अनुपालन :–सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता कार्यपालक अभियंता (विद्युत)

(6) अभियंता प्रमुख (विद्युत) के द्वारा बताया गया कि कई विद्युत प्रमंडलों एवं अवर प्रमंडलों को कार्यालय भवन उपलब्ध नहीं रहने के कारण कार्य में कठिनाई हो रही है ।

निदेश दिया गया कि जिन प्रमंडलों/अवर प्रमंडलों में कार्यालय स्थल उपलब्ध नहीं है, उनसे प्रस्ताव प्राप्त कर उपस्थापित किया जाय ।

अनुपालन :–सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता कार्यपालक अभियंता (विद्युत)

बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी ।

(प्रणव कुमार)
सचिव 3/7/20

ज्ञापांक–प्र021/भ0वि0वि0(बैठक)–04/21– दिनांक–

प्रतिलिपि–सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित), सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित), सभी कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित), भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/–
(असीम कुमार)
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–प्र021/भ0वि0वि0(बैठक)–04/21– 7272(अ) दिनांक– 5/8/20

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

(असीम कुमार)
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।